>

Title : Need to develop live water sources in the rural areas of the country.

श्री सज्जन वर्मा : माननीय अध्यक्ष महोदया, पिछले कई वर्षों से देखने में आ रहा है कि भारत के अलग प्रदेशों में कई जगह अवर्षा की स्थित बनती रही है। पूरे देश में इस तरह से धीरे-धीरे पेयजल का संकट अवर्षा की स्थिति के कारण पैदा होता जा रहा है। जब हम ग्रामीण क्षेत्र के दौरे पर जाते हैं तब महिलाएं तीन या चार किलोमीटर दूर से पानी भरकर लाती हुई दिखती हैं। यह पानी की विभीषिका है। मैं केंद्र सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि नरेगा योजना या स्पेशल फंडिंग के माध्यम से कोशिश की जाए ताकि भारत के प्रत्येक गांव में जीवित जल स्रोत, टंकी बने। हमें कोशिश करनी चाहिए कि एक पेयजल का स्रोत हर गांव में जीवित रहे ताकि पेयजल की विभीषिका से निपटने में हमारा देश सक्षम हो सके।

आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं।